कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

कमांक:जविप्रा/स.स./बीपीसी/2002/डी- 254 दिनांक: 27/8/2002

विषय:- भवन मानचित्र समिति(ले-आउट प्लान)की बैठक 32 वीं दिनांक 17-8-2002 का कार्यवाही विवरण।

महोदय,

भवन मानिचत्र समिति(ले-आउट प्लान) की बैठक सं0 32 वीं दिनांक 17-8-2002 प्रात:/सायं 11:30 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

भवदीय

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति,
जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगरीय विकास मंत्री, राजस्थान, जयपुर।
2. श्री तकीउद्दीन अहमद, विधायक
3. श्री अशोक तंवर, विधायक
4. श्री राजेन्द्र मावर, प्राधिकरण सदस्य
5. निजी सचिव, शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. वरिष्ठ निजी सचिव,आयुक्त,जविप्रा,जयपुर।
7. निजी सचिव, सचिव,जविप्रा,जयपुर।
8. निदेशक(आयोजना) जविप्रा,जयपुर।
9. अति.आयुक्त(भूमि) जविप्रा,जयपुर।
10. वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी.) जविप्रा,जयपुर।
11. वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) जविप्रा,जयपुर।
12. उपायुक्त, जोन...................,जविप्रा,जयपुर।
13. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति

## कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

भवन मानचित्र समिति(ले आउट प्लान) की 32वीं बैठक दिनांक 17-8-2002 में निम्नलिखित प्रकरण में भी विचार-विमर्श किया गया-

1. विषय:- गणपति नगर ग.नि.स.स. की योजना गणेश नगर(2)।

उपायुक्त जोन बी-3 एवं वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी)द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा पर विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श पश्चात् सदस्यों द्वारा मौका देखे जाने का निर्णय लिया गया।

2. विषय:- निवारू रोड की 200' चौड़ी रोड को जोड़ने वाली 100'चौड़ी सेक्टर रोड़ के संबंध में।

उपायुक्त जोन बी-8 एवं वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी)द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा पर विचार-विमर्श किया गया।

विचार-विमर्श के बाद यह तथ्य उभर कर आया कि प्रश्नगत रोड का कुछ भाग बीपीसी-II की बैठक 8.6.1994 को श्री रामपुरी योजना का अनुमोदन करते समय मौके की स्थिति के अनुसार 100' से 40' कर दिया गया था। प्रश्नगत सेक्टर रोड पर निम्न योजनाएं भी अवस्थित हैं-

| क सं. | समिति का नाम | योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1. | छत्रपति गृ.नि.स.स. | श्री रामपुरी |
| 2. | लक्ष्मी गृ.नि.स.स. | लक्ष्मी नगर |
| 3. | लक्ष्मी नगर गृ.नि.स.स. | परमानन्द नगर |
| 4. | करतारपुरा गृ.नि.स.स. | काली कोठी |
| 5. | करतारपुरा गृ.नि.स.स. | चंदाबाडी |
| 6. | बस्सी सीतारामपुरा | नारायणपुरी बी |
| 7. | गुलाबबाडी गृ.नि.स.स. | नारायणपुरी |
| 8. | गुलाबबाडी गृ.नि.स.स. | चमनबाडी |

प्रश्नगत रोड मौके पर 21'.9'' से लेकर 40' रोड उपलब्ध है। अत: वाद विचार-विमर्श निम्नांकित निर्णय लिये गये-

1. मौके की स्थिति व पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रश्नगत सेक्टर रोड को पूरी लंबाई में 40' अनुमोदित किया गयो।
2. उपायुक्त यह सुनिश्चित करें कि मौके पर प्रश्नगत सेक्टर रोड संपूर्ण भाग में 40' बन जावे।
3. 40' रोड बन जाने के पश्चात् उपायुक्त पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें

3. विषयः- भूखण्ड संख्या 121 गोम्स डिफेन्स के संबंध में।

भवन मानचित्र समिति की 31वीं बैठक दिनांक 14.8.2002 में लिये गये निर्णय के कम में प्रार्थी श्री भरत सारण को सुना गया। विचार-विमर्श के पश्चात् यह निर्णय लिया गया कि मूल पत्रावली व पुराने मानचित्र के संदर्भ में प्रकरण को पुनः प्रस्तुत किया जावे।

## कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

### कार्यवाही विवरण

**बीपीसी (ले आउट प्लान) की दिनांक 17.08.2002 को सम्पन्न हुई बैठक में अध्यक्ष के अनुमोदन से जोन डी–2 के निम्न एजेन्डा प्रस्तुत किये गये:–**

1. श्री गणपति गृ.नि.स.स. की योजना बालाजी विहार द्वितीय के अनुमोदन के संबंध में।
2. विश्वकर्मा गृ.नि.स.स. की योजना सर्वोदय कालोनी के भूखण्ड संख्या 3, 5 व 6 को सुविधा क्षेत्र से मुक्त किये जाने के संबंध में।
3. लक्ष्मी गृ.नि.स.स. की लक्ष्मी विहार योजना ग्राम बैनाड तहसील आमेर के अनुमोदन के संबंध में।

1. श्री गणपति गृ.नि.स.स. की योजना बालाजी विहार द्वितीय के अनुमोदन के संबंध में – पूर्व में बीपीसी (ले आउट प्लान) की बैठक दिनांक 17.7.2000 में गणपति गृ.नि.स.स. की बालाजी विहार II गोविन्दपुरा कालवाड रोड के पीछे का एजेन्डा अनुमोदन हेतू प्रस्तुत किया गया था एवं निर्णय लिया गया था कि

   ''योजना पृथ्वीराजगनर योजना के सेक्टर 26 में स्थित है अतः सर्वप्रथम वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) द्वारा इस सेक्टर का रोड नेटवर्क तैयार किया जावें तत्पश्चात प्रस्तावित रोड नेटवर्क के परिपेक्ष्य में योजना का परीक्षण कर यदि संशोधन की आवश्यकता हो तो समिति द्वारा योजना संशोधित कर बीपीसी द्वितीय (ले आउट प्लान) के समक्ष विचार विमर्श हेतु रखा जावें''।

इस योजना को पृथ्वीराज नगर के खसरा प्लान में सेक्टर 26 के अंतर्गत दर्शायी गयी रोड नेटवर्क साथ examine किया गया। अतः परिक्षण पश्चात पाया गया कि बालाजी विहार योजना सेक्टर 26 के किसी सेक्टर रोड से प्रभावित नहीं है। अतः उक्त प्रकरण को बीपीसी (ले आउट प्लान) की बैठक दिनांक 17.8.2002 में पुनः विचार विमर्श हेतु रखा गया व सैद्वान्तिक रूप से अनुमोदन करते हुए यह निर्णय लिया गया कि –

गृ.नि.स.स. द्वारा योजना 60:40 का अनुपात रखते हुए पेश की गयी है किन्तु योजना में 10 प्रतिशत से कम निर्माण होने के कारण, सुविधा क्षेत्र रखा जाना आवश्यक है। अतः योजना का संशोधन जोन स्तर पर किया जाकर गृ.नि.स.स से भी सहमति प्राप्त कर ली जावें। संशोधित योजना मानचित्र में कम से कम

5 प्रतिशत भूमि सुविधा क्षेत्र हेतू आरक्षित की जावें। संशोधित योजना मानचित्र के अनुमोदन की स्वीकृति पत्रावली पर अलग से निदेशक (आयोजना) के माध्यम से आयुक्त, जविप्रा से ले ली जावें।

2. विश्वकर्मा गृ.नि.स.स. की योजना सर्वोदय कालोनी के भूखण्ड संख्या 3, 5 व 6 को सुविधा क्षेत्र से मुक्त किये जाने के संबंध में - विश्वकर्मा गृ.नि.स.स. की सर्वोदय कालोनी के भूखण्ड संख्या 3, 5, 6 को सुविधा क्षेत्र से मुक्त किये जाने के संबंध में बीपीसी द्वितीय (ले आउट प्लान) की बैठक दिनांक 13.8.2002 के निर्णय की अनुपालना में प्रकरण को पुनः संबंधित भूखण्डधारियों का पक्ष सुनने हेतु बीपीसी द्वितीय (ले आउट प्लान) की बैठक दिनांक 17.8. 2002 में प्रस्तुत किया गया। वाद विचार विमर्श निर्णय लिया गया कि चूंकि योजना में Highly Built up area एवं सुविधा क्षेत्र में रखे गये प्रत्येक भूखण्ड का क्षेत्रफल सुविधा क्षेत्र के लिए अनुपयुक्त होने के कारण उक्त भूखण्डों को सुविधा क्षेत्र से मुक्त कर दिया जावें।

3. लक्ष्मी गृ.नि.स.स. की लक्ष्मी विहार योजना ग्राम बैनाड तहसील आमेर के अनुमोदन के संबंध में - मास्टर विकास योजना 2011 में प्रस्तावित 200' चौडी सडक से योजना का अधिकांश भाग सडक मार्गाधिकार में प्रभावित होने कारण योजना को अस्वीकृत किया गया।

वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी.)
जविप्रा, जयपुर।

भवन मानिचत्र समिति(ले-आउट प्लान) की 32वीं बैठक दिनांक 17-8-2002 को प्रात: 11.30 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए:-

1. श्री अशोक तंवर, विधायक — सदस्य
2. श्री राजेन्द्र मावर, प्राधिकरण सदस्य — सदस्य
3. श्री हेमन्त मुरडिया, निदेशक(आयोजना)जविप्रा,जयपुर। — सदस्य
4. श्री ए.एन.भार्गव,वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी) — सदस्य सचिव

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे-

1. श्री पी.अरविन्द, वरिष्ठ नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा, जयपुर।
2. श्रीमती लवंग शर्मा,वरिष्ठ नगर नियोजक(प्रोजेक्ट)जविप्रा,जयपुर।
3. श्री प्रेमशंकर, उप नगर नियोजक(प्रोजेक्ट)जविप्रा,जयपुर।
4. श्री मुकेश मित्तल, उप नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा,जयपुर।
5. श्रीमती आशा अवस्थी, उप नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा,जयपुर।
6. श्री वी.पी.सिंह, उपायुक्त, जोन बी-3, जविप्रा,जयपुर।
7. श्री श्रीपाल शर्मा, उपायुक्त जोन बी-6, जविप्रा,जयपुर।
8. श्री बी.एस. परमार, उपायुक्त जोन बी-8, जविप्रा,जयपुर।
9. श्री खान मोहम्मद, उपायुक्त जोन डी-2, जविप्रा, जयपुर।
10. श्री ज.ना. वर्मा, सहायक नगर नियोजक, जोन बी-6, जविप्रा,जयपुर।
11. श्री गोपाल सैनी, सहायक नगर नियोजक, जोन डी-2, जविप्रा,जयपुर।